nt>

Title: Need to inquire into the incident of disrespect shown to the National Flag by some Bangladeshi infiltrators at Maganpur Kanakanagar Primary School, Kendrappa, Orissa.

श्री जुएल ओराम (सुन्दरगढ़) : अध्यक्ष महोदय, उड़ीसा के केन्द्रपाड़ा जिले के मेगनापुर कनकनगर गांव में 15 अगस्त को जब नेशनल फ्लैग होस्टिंग होने जा रहा था तो छः बंगलादेशी उग्रवादियों ने हैड मास्टर से फ्लैग छीन लिया और उसे जला दिया। सरकार को मैं धन्यवाद देता हूं कि उन छः आदमियों को गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि जो बंगलादेशी वहां प्रवेश कर गए हैं उनको तुरन्त निकाला जाए। दूसरी बात यह है कि ऐसी सूचना मिली है कि उस एरिया में आईएसआई एक्टिविटीज बढ़ रही हैं। केन्द्र सरकार इसकी विधिवत जांच करें और जिन बंगलादेशी लोगों ने वहां प्रवेश किया है, उन्हें वहां से निकालने के लिए तुरन्त कार्यवाही की जाए।